सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 111 | इंदौर, शनिवार 28 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Mukesh Ambani: रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को मिली धमकी, 20 करोड़ नहीं दिए तो मारेंगे गोली**
2. **War: अमेरिका के आरोप से भड़के ईरान ने दी चेतावनी, कहा- 'अगर यही करता रहा तो उसके खिलाफ खुलेंगे नए मोर्चे'**



# उषा ठाकुर के विरोध में उतरे भाजपा कार्यकर्ता

◆ स्थानीय उम्मीदवार की कर रहे मांग, बड़ी संख्या में विरोध करते नजर आए लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महू/इंदौर। गुरुवार रात को स्थानीय भाजपा कार्यकतार्ओं ने गोशाला में दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया। लेकिन कार्यक्रम तो था दशहरा मिलन का मगर मकसद था उषा ठाकुर का प्रबल विरोध। इसमें महू की गोशाला परिसर में हजारों भाजपा कार्यकर्ता इकट्ठा हुए।**



मंच से नेताओं ने उषा ठाकुर के कार्यकाल को पूरी तरह बोगस बताते हुए भाजपा हाईकमान से तत्काल टिकट बदलने की मांग करते हुए स्थानीय प्रत्याशी को टिकट देने की मांग की। इस सभा को संबोधित किया राधेश्याम यादव, अशोक सोमानी, शेखर बुंदेला, रामकरण भामर और कुछ आदिवासी सरपंचों ने पूरे समय उषा ठाकुर के कार्यकाल में कार्यकतार्ओं और आम जनता के साथ किए गए भेदभाव, प्रताड़ना आदि का जिक्र किया गया।

बीच-बीच में भी लोगों ने टिप्पणी करके ठाकुर के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। महू में भाजपा के खिलाफ ये पहला अवसर है, जब खिलाफत का बिगुल जोरदार तरीके से हुआ है। नेताओं ने भाषणों की आड़ में 30 अक्टूबर से पहले टिकट बदलने का अल्टीमेटम भी दे डाला।

बता दें कि पहली बार भाजपा के इस सम्मेलन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता नजर आए। इधर 2 दिन में अगर टिकट नहीं बदल गया तो स्थानी कार्यकर्ता निर्दलीय उम्मीदवार उतारने की भी बात कह रहे हैं।

बात करें कांग्रेस की तो भाजपा छोड़ कांग्रेस में गए राम किशोर शुक्ला को कांग्रेस से उम्मीदवार घोषित किया गया है। 27 तारीख को कांग्रेस के पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार भी अपना अपना नामांकन निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भरने तहसील कार्यालय जाएगे।

## आनलाइन सट्टा किंग हत्या के आरोपी राजा वर्मा के यहां ईडी की सर्चिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। करीब तीन साल पूर्व बहुचर्चित आन लाइन सट्टा से सुर्खियों में आए राजा वर्मा निवासी गुजरखेड़ा, महू के निवास पर शुक्रवार को ईडी ने दबिष दी। इस दौरान दस्तावेजों के साथ ही अन्य चीजों को भी ईडी ने अपने कब्जे में लिया है।**

शुक्रवार की सुबह सुबह ईडी की टीम कोतवाली पुलिस को साथ लेकर राजा वर्मा के निवास पर पहुंची और पुलिस को बाहर तैनात कर अपनी कार्रवाई षुरू की दो घंटे से भी अधिक की सर्चिंग के दौरान क्या मिला क्या नहीं उसे लेकर संबधित अधिकारियों ने मीडिया को कुछ भी नहीं बताया। इधर राजा वर्मा के चाचा कुख्यात बदमाष राकेष उर्फ डान को भी ईडी ने नोटिस तामिल कराया है। गौरतलब है तीन साल पूर्व आन लाइन सट्टे का खुलासा हुआ था जो साउथ से धनलक्ष्मी एप के माध्यम से संचालित किया जा रहा था, तथा इस मामले में मनी लाड्रिग और गरीब मजदूरों के खातों में करोड़ों के बेनामी लेन देन की जांच पड़ताल अब तक जारी है। वही राजा वर्मा दो साल पूर्व पिगडंबर मे युवक की हत्या का मुख्य आरोपी है तथा फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर हैं। इस घटनाक्रम के बाद प्रषासन पुलिस ने डान व राजा वर्मा परिवार के अनेक मकान ध्वस्त कर दिए थे, जबकि आबांचदंन सहित अन्य जमीनों को सीज कर कार्रवाई के दायरे में लिया था। इडी की इस कार्रवाई से षहर में खासी हलचल रही।

## पांच बार कांग्रेस से इस बार निर्दलीय

### अंतर सिंह दरबार की नामांकन के पूर्व वाहन रैली, भीड़ तंत्र पर खरे उतरे, जयकारों से गूंज उठा शहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदैर**। कांग्रेस के बागी महू अंतर सिंह दरबार द्वारा एसडीएम कार्यालय महू गांव में अपना निर्वाचन उम्मीदवारी फॉर्म भरने के पूर्व दो पहिया वाहन रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में शहरी एवं ग्रामीण शामिल हुए. उमंग और उत्साह के साथ कार्यकर्ता पीले कलर का झंडा एवं दरबार के चित्र की तक्तियां लेकर चल रहे थे। ड्रीमलैंड चौराहे से प्रारंभ हुई रैली में खुली जीप पर मौजूद दरबार ने सभी का अभिवादन किया. वहीं जगह-जगह दरबार का आत्मीय स्वागत किया गया रैली ड्रीमलैंड मैंन स्ट्रीट कोतवाली चौक साघी स्ट्रीट हरीफाटक मोती चौक मानक चौक आदि मुख्य बाजारों से निकलती हुई तहसील कार्यालय पहुंचीरैली में बड़ी संख्या में पंच सरपंच जनपद प्रतिनिधि जिला प्रतिनिधि पार्षद एवं हजारों की संख्या में गण मान्य नागरिक उपस्थित थे.अंतर सिंह दरबार के निर्दलीय प्रत्याशी का फार्म एसडीएम कार्यालय भरने के बाद विधानसभा क्षेत्र में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति बन गई है कांग्रेस उम्मीदवार रामकिशोर शुक्ला ,भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार उषा ठाकुर, द्वारा शुक्रवार को पर्चा दाखिल कर दिया गया था.

## संभागायुक्त ने एमवाय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

### निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने और स्वच्छता संबंधी निर्देश दिए

**इंदौर।** संभागायुक्त मालसिंह ने शुक्रवार को एमवाय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों जैसे- ड्रेनेज, टॉयलेट्स आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय दीक्षित और एमवाय अस्पताल के अधीक्षक डॉ. पी.एस. ढाकुर भी मौजूद थे। मालसिंह ने अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने को कहा है। उन्होंने एमवाय अस्पताल में दुर्घटना एवं आकस्मिक वार्ड का भी निरीक्षण किया। अस्पताल में मौजूद स्टॉफ से चर्चा भी की साथ ही अस्त-व्यस्त फैली सामग्री को व्यवस्थित करने अनुपयोगी सामग्री को हटाने तथा स्वच्छता संबंधी निर्देश दिए हैं।

## कचरा प्लांट को लेकर प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कालिंदी गोल्ड कॉलोनी के रहवासियों ने कचरा प्लांट को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। कचरा प्लांट से परेशान रहवासियों ने कचरे की गाड़ी ले जाकर पंचायत के अंदर डलवा दिया। रहवासियों ने यहां विधानसभा चुनावों का विरोध भी किया। यह कॉलोनी सांवेर विधानसभा क्षेत्र में आती है।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## 19 उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिये उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किये जाने का सिलसिला जारी है। आज शुक्रवार को 19 उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये है।**

आज देपालपुर विधानसभा क्षेत्र के लिये श्री मनोज पटेल (भारतीय जनता पार्टी), श्री विशाल पटेल (इंडियन नेशनल कांग्रेस) तथा श्री सोहन देवी सिंह (बहुजन मुक्ति पार्टी), इंदौर-1 के लिये श्री अनुराग यादव (आम आदमी पार्टी), इंदौर दो के लिये श्री बसंत गेहलोत (जनसंघ पार्टी), इंदौर-3 के लिये श्री राकेश शुक्ला (भारतीय जनता पार्टी), इंदौर-4 के लिये श्री सत्यनारायण बिंदोरिया (बहुजन समाज पार्टी), डॉ. पीयूष जोशी (आम आदमी पार्टी), श्रीमती मालनी गौड़ (भारतीय जनता पार्टी) तथा श्री पिनान्लाल माधवानी (इंडियन नेशनल कांग्रेस), इंदौर-5 के लिये श्री महेन्द्र हार्डिया (भारतीय जनता पार्टी), श्री मनोहर बिजोरे (बहुजन समाज पार्टी), डॉ. अम्बेडकर नगर महू के लिये श्री सुनील चौधरी (आम आदमी पार्टी), श्री रामकिशोर शुक्ला (इंडियन नेशनल कांग्रेस), श्री अंतर सिंह दरबार (निर्दलीय) तथा श्री किशोर मालवीय (आजाद समाज पार्टी (क)) और सांवेर विधानसभा क्षेत्र के लिये श्री प्रेमचंद वासीवाल (गुड्डू) (निर्दलीय), रीना बौरासी (इंडियन नेशनल कांग्रेस) तथा सीमा गोयल (बहुजन समाज पार्टी) ने अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये।

### 48 वाहनों पर कार्रवाई

## 40 हजार रुपए का किया अर्थदण्ड

**इंदौर**। परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर वाहन चालको को आचार संहिता के विषय में जागरूक किया गया। बिना नंबर प्लेट , हूटर लगाने वाले , अनाधिकृत पोस्टर लगाने वाले एवं मोटर यान अधिनियमों का उल्लंघन करने वाले 48 वाहनो पर चालानी कार्यवाही की गई। इन पर 40 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी किया गया।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल इंदौर आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रक्षा मंत्री व भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह 29 अक्टूबर को इंदौर आएंगे। राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा एक के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। कार्यकतार्ओं को भी संबोधित करेंगे। महावीर बाग स्थित हंसदास मठ में आयोजित कार्यक्रम में विजयवर्गीय के साथ ही भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता, विधायक, सांसद व नगर पदाधिकारियों के साथ ही विधानसभा एक के मंडल-वार्ड पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। राजनाथ सिंह शाम 4 बजे लखनऊ से रवाना होंगे। शाम साढ़े 5 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से 5.45 पर सीधे हंसदास मठ पहुंचेंगे। शाम 7 बजे एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। 7.20 दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## दिव्यांग अधिकारियों एवं कर्मचारियों में निर्वाचन ड्यूटी के प्रति उत्साह

**94 दिव्यांगों ने निर्वाचन ड्यूटी करने के लिये अपनी सहमति दी**

**इंदौर**। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत दिव्यांगजनों की निर्वाचन में भागीदारी सुनिश्चित हो इस दृष्टि से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आज कलेक्टर कार्यालय के कक्ष 210 अहिल्याबाई होलकर ऑडिटोरियम में दिव्यांग अधिकारियों एवं कर्मचारियों की परिचर्चा आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देशन में 200 से अधिक दिव्यांग कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान 94 कर्मचारियों ने निर्वाचन कार्य में सहभागिता के लिये अपनी सहमति प्रदान की।

परिचर्चा के दौरान दिव्यांग कर्मचारियों को मतदान के संबंध में स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ. डी.सी. राठी द्वारा मतदान की बारीकियों से अवगत कराया गया। परिचर्चा में जिला दिव्यांग स्वीप आईकॉन श्री विक्रम अग्निहोत्री भी उपस्थित थे। उनके द्वारा दिव्यांग कर्मचारियों को मोटिवेट किया गया। दिव्यांग कर्मचारियों में निर्वाचन कार्य करने को लेकर उत्साह नजर आया।

## इंदौर मतदान में भी बनेगा नंबर वन

**युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम आयोजित**

**इंदौर**। इंदौर जिले में कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी के मार्गदर्शन में स्वीप अभियान के अंतर्गत लगातार मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है। मतदान जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इंदौर जिले के स्कूलों व कॉलेजों में 18 वर्ष से अधिक उम्र के विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। ताकि वे अपना अमूल्य मत देकर लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान दे। इसी सिलसिले में आज शासकीय महाविद्यालय सांवेर में युवा मतदाता संवाद का आयोजन किया गया। संवाद में युवाओं को समझाया गया कि मतदान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं द्वारा पोस्टर्स, मेहंदी एवं रंगोली के माध्यम से हर दिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप अभियान के अंतर्गत जिले के विद्यार्थी बढ़ चढ़कर मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिये आज निकलेगी मशाल यात्रा

**इंदौर**। इंदौर में आगामी 17 नवम्बर को विधानसभा निर्वाचन के तहत वोटिंग का त्यौहार मनाया जायेगा। मतदाताओं से आग्रह किया जा रहा है कि वे इस दिन अधिक से अधिक मतदान करें। मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक करने हेतु 28 अक्टूबर शनिवार को शाम 6 बजे मशाल यात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा शाम 6 बजे नेहरू पार्क बीएसएनएल ऑफिस के सामने से प्रारंभ होगी। यह यात्रा रीगल चौराहा होते हुये गांधी हॉल पहुंचेगी। इस यात्रा के माध्यम से नागरिकों को संदेश दिया जायेगा कि वे 17 नवम्बर को वोटिंग का त्यौहार मनाये। अधिक से अधिक मतदाता मतदान करें। इंदौर को मतदान में भी नंबर वन बनायें।

## विधानसभा क्षेत्रवार नियुक्त व्यय प्रेक्षकों के कार्यालय स्थापित

**इंदौर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंदौर जिले के विधानसभा क्षेत्रों के लिये व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इन व्यय प्रेक्षकों के कार्यालय नवरतनबाग में स्थित केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हॉउस (इंसपेक्शन बंगलों) में स्थापित किये गये हैं। इन व्यय प्रेक्षकों को व्यय संबंधी शिकायतें मोबाइल नंबर पर भी दर्ज करायी जा सकती है। डॉ. अम्बेडकर नगर महू एवं राऊ के लिये नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण कतर्की का कार्यालय नवरतनबाग में स्थित केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हॉउस (इंसपेक्शन बंगलों) के कक्ष क्रमांक-1 में स्थापित किया गया है। इनका मोबाइल नंबर 78285-97285 है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र देपालपुर एवं इंदौर-1 के लिये नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री आलोक श्रीवास्तव (मोबाइल नंबर 86021-42746) का कक्ष क्रमांक-3, विधानसभा क्षेत्र सांवेर के लिये नियुक्त श्री मेरूगु सुरेश (मोबाइल नंबर 62668-59420) का कक्ष क्रमांक-5, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-4 एवं इंदौर-5 के लिये नियुक्त श्री रणविजय कुमार (मोबाइल नंबर 93019-68683) का कक्ष क्रमांक-2 तथा विधानसभा क्षेत्र इंदौर-2 एवं इंदौर-3 के लिये नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री अमित संजय गुरव (मोबाइल नंबर 74893-69125) का कक्ष क्रमांक-4 में कार्यालय बनाया गया है। यहां पर व्यय संबंधी शिकायतें दर्ज करायी जा सकती है।

## नकली घड़ी वाशिंग पावडर पकड़या

**इंदौर**। नकली घड़ी वाशिंग पावडर का मामला कोतवाली तक पंहुचा है. जानकारी के अनुसार कल्लू शक्कर वाले के यहां से हूबहू घड़ी पावडर बेचने की शिकायत के बाद कंपनी ने अपने हिसाब से वाच कर पुलिस के सुपुर्द किया, लेकिन कानूनी उलझनों के चलते खबर लिखें जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, इधर घड़ी वाशिंग पावडर अधिकारियो के मुताबिक दबाव प्रभाव के चलते एफ आई आर नहीं लिखी जा रही है. वही चर्चा है नगर भाजपा पदाधिकारी के हस्तछेप के चलते राजीनामा के प्रयास जारी है.

**दो दिन पुराना मामला है, दोनों पक्ष में विवाद है आवेदन के बाद कुछ माल जब्त किया था सम्बंधित कपनी की रिपोर्ट के बाद आगे की कारवाई की जाएगी.**

**-कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी**

# इंदौर जिले में मतदान दलों को 16 नवम्बर को मतदान सामग्री का होगा वितरण

**व्यवस्थित और समय पर सामग्री वितरण के लिए कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने दिए निर्देश**

◆ सामग्री वितरण के लिए नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन की व्यापक तैयारियां जारी हैं। जिले में 17 नवम्बर को मतदान होगा। मतदान दलों को 16 नवम्बर को मतदान सामग्री का वितरण नेहरू स्टेडियम से किया जाएगा।**

सामग्री वितरण के लिए एक हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। इन अधिकारी-कर्मचारियों को रविन्द्र नाट्य गृह में एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी, नगर निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा प्रशिक्षण के प्रभारी आर.पी. अहिरवार सहित अन्य संबंधित अधिकारी विशेष रूप से मौजूद थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामग्री वितरण तथा मतदान के पश्चात वापस प्राप्त करने के लिए नियुक्त एक हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों की जानकारी दी गई। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे सामग्री वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही और उदासिनता नहीं बरतें। व्यवस्थित रूप से समय पर मतदान सामग्री का वितरण करें। यह ध्यान रखें कि किसी भी मतदान दल को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। कार्य पूर्ण सतर्कता एवं टीम वर्क के साथ करें। मतदान सामग्री के वितरण व मतदान सामग्री मतदान पश्चात पुनः वापस लेने के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के संबंध में भी विस्तार से दिशा निर्देश दिए गए। मतदान दलों को दी जाने वाली मतदान सामग्री चेक लिस्ट के अनुसार देने और चेकलिस्ट के अनुसार लेने के संबंध में भी जानकारी दी गई। सामग्री वितरण दलों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त नगर निगम दिव्यांक सिंह, अभिलाष मिश्रा, मनोज पाठक, मनोज वर्मा, मनोज चौरसिया सहित नगर निगम, एमपीईबी, पीडब्ल्युडी, इंदौर विकास प्राधिकरण व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# इंदौर मतदान में भी बनेगा नंबर वन, युवा मतदाता संवाद का हुआ कार्यक्रम

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इन्दौर। जिले में कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी के मार्गदर्शन में स्वीप अभियान के अंतर्गत लगातार मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदान जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। युवा वर्ग देश का भविष्य है तो युवाओं का मत भी उतना ही आवश्यक है। इंदौर जिले के स्कूलों व कॉलेजों में 18 वर्ष से अधिक उम्र के विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। ताकि वे अपना अमूल्य मत देकर लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान दे। इसी सिलसिले में आज शासकीय महाविद्यालय सांवेर में युवा मतदाता संवाद का आयोजन किया गया। संवाद में युवाओं को समझाया गया कि मतदान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं द्वारा पोस्टर्स, मेहंदी एवं रंगोली के माध्यम से हर दिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप अभियान के अंतर्गत जिले के विद्यार्थी बढ़ चढ़कर मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।



# मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी पहुंचे उद्योगपतियों के बीच

◆ मतदान की दिलाई शपथ और 17 नवम्बर को अधिक से अधिक मतदान करने का किया आग्रह



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। जिले में मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक स्तर पर सघन प्रयास जारी है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों और उद्योगपतियों के बीच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इंदौर में 17 नवम्बर को वोटिंग का त्यौहार मनाने और अधिक से अधिक मतदान के संबंध में संवाद किया।

उन्होंने उद्योगपतियों को मतदान में इंदौर को नम्बर-वन बनाने की शपथ दिलाई और कहा कि स्वयं वे तो मतदान करें हीं साथ ही अपने कामगारों, परिजनों आदि को को मतदान के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें, जिससे की उनके यहां कार्यरत सभी कामगार मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। इस संबंध में उन्होंने श्रम विभाग द्वारा कामगारों को मतदान की सुविधा सवैतनिक दिए जाने के संबंध में जारी किए जाने वाले परिपत्र के संबंध में भी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि 17 नवम्बर को वोटिंग का त्यौहार मनाया जाना है। सब मिलकर इंदौर को मतदान में भी नम्बर-वन बनाए। इस संवाद कार्यक्रम में एमपीआईडीसी के ईडी राजेश राठौर, योगेश मेहता, अनिल भण्डारी, प्रमोद डाफरिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। 17 नवंबर 2023 को मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश द्वारा 'उद्योग जगत में मतदाता जागरूकता अभियान' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के कार्यालय उद्योग भवन पोलोग्राउंड में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पालदा औद्योगिक संगठन,पोलोग्राउंड, सांवेर रोड़, राऊ औद्योगिक संगठनों,आयरन एंड स्टील री रोलिंग मिल एसोसिएशन तथा एसोसिएशन ऑफ फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# निशा बोलीं- चुनाव लड़ना चाहती हूं, निर्दलीय नहीं

## कहा- पार्टी बदल सकती है टिकट; कमलनाथ ने कहा था- आप चुनाव नहीं लड़ रहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** डिप्टी कलेक्टर पद से इस्तीफा देकर कांग्रेस जॉइन करने वाली निशा बांगरे ने कहा है कि मैं चुनाव लड़ना चाहती हूं, लेकिन सिर्फ पार्टी के सिंबल पर। उन्होंने कहा कि मैं निर्दलीय चुनावी मैदान में नहीं उतरूंगी। निशा बांगरे ने कहा कि कमलनाथ ने उन्हें भरोसा दिया है कि टिकट बदलने का प्रयास करेंगे। आमला से अभी भी टिकट के सवाल पर उन्होंने कहा- मैं तो आशान्वित हूं कि चीजें बदलेंगी। अभी समय है, पार्टी अपना निर्णय बदल भी सकती है। कमलनाथ के इस बयान के बाद कि आपकी सेवाओं की प्रदेश को आवश्यकता है। इस पर निशा बांगरे ने कहा है कि वो पार्टी के लिए प्रचार करेंगी।

### मंच से बोले कमलनाथ- आप चुनाव नहीं लड़ रहीं

इससे पहले कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि पूर्व डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। कमलनाथ ने गुरुवार को छिंदवाड़ा में नामांकन भरने के बाद सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। मंच पर निशा भी मौजूद थीं। पीसीसी चीफ ने कहा, ह्याआप उदाहरण बनेंगी। आप चुनाव नहीं लड़ रहीं, कोई बात नहीं। आपकी सेवाओं की आवश्यकता प्रदेश में है। निशा बैतूल जिले की आमला सीट से दावेदारी कर रही थीं। कांग्रेस ने काफी समय तक ये सीट होल्ड भी रखी, लेकिन निशा बांगरे का डिप्टी कलेक्टर पद से इस्तीफा स्वीकार नहीं होने की सूरत में कांग्रेस ने मनोज मालवे को प्रत्याशी बना दिया। इस्तीफा स्वीकार होने के बाद निशा ने बुधवार को भोपाल में कमलनाथ से मुलाकात की। आज सुबह भी वे छिंदवाड़ा के शिकारपुर स्थित कमलनाथ के आवास पर उनसे मिलने पहुंचीं। निशा बांगरे का इस्तीफा स्वीकार होने के बाद अटकलें थीं कि कांग्रेस आमला से टिकट बदल सकती है, लेकिन अब कमलनाथ ने ही साफ कर दिया कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगी।

# सचिन से मिलने कान्हा पहुंचे जूनियर क्रिकेटर्स

### फैंस ने बैट, टी शर्ट, पीठ और सीने पर लिए ऑटोग्राफ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला।** पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के कान्हा नेशनल पार्क में होने का पता चलने के बाद प्रशंसक मुक्की जोन पहुंच रहे हैं। वे सचिन की एक झलक पाने के लिए बेताब हैं। मंडला से जूनियर क्रिकेटर्स भी कान्हा पहुंचे। बच्चों को क्रिकेट जर्सी में देख सचिन ने गाड़ी रुकवाई और उनसे मुलाकात की। फैंस ने उनसे बैट, टीशर्ट, पीठ और सीने पर ऑटोग्राफ लिए। सचिन तेंदुलकर को अपने बीच पाकर कान्हा के वनकर्मी भी उत्साहित नजर आए। उन्होंने सचिन के साथ फोटो क्लिक कराई। शुक्रवार सुबह सफारी के दौरान सचिन ने डीजे फीमेल, उसके 3 बच्चे और एमबी 3 फीमेल टाइगर का दीदार किया। इसके बाद वे पत्नी अंजली के साथ रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। सचिन पत्नी डॉ. अंजलि तेंदुलकर के साथ 24 अक्टूबर को कान्हा आए थे। वे यहां मुक्की जोन के रेस्ट हाउस में ठहरे हुए थे। कान्हा के मुक्की जोन में तैनात वनकर्मियों ने सचिन के साथ फोटो क्लिक कराई। वे सभी काफी उत्साहित दिखे।

# हवाओं के रुख से टेम्प्रेचर लुढ़का

## उत्तरी हवाएं चलने से ठंड बढ़ी; पचमढ़ी, नौगांव-मलाजखंड सबसे ठंडे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। हवाओं का रुख बदलने से मध्यप्रदेश में रात में ठंड बढ़ गई है। टेम्प्रेचर में एक से दो डिग्री तक गिरावट आई है। पचमढ़ी, नौगांव और मलांजखंड सबसे ठंडे हैं। यहां पारा 12-13 डिग्री के आसपास चल रहा है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि अगले 5 दिन तक टेम्प्रेचर में गिरावट होगी। 2 नवंबर से उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होने से तापमान में एक से दो डिग्री तक बढ़ोतरी होगी।**

मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि उत्तर भारत और हिमाचल प्रदेश के ऊपर एक्टिव वेस्टर्न डिस्टर्बेंस लौट गया है। इस कारण रात में हवाओं का रुख उत्तर-पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी हो गया है। चूंकि, उत्तर भारत में बर्फबारी हो रही है। इससे ठंडी हवाएं चल रही है। हालांकि, दिन में दक्षिण-पश्चिमी हवाएं चलती हैं। इस कारण दिन में तापमान 32 डिग्री के आसपास ही है।

### 2 नवंबर को फिर एक्टिव होगा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस

मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत कई शहरों में अभी रात का तापमान 17 से 18 डिग्री तक है। 30-31 अक्टूबर तक यहां तापमान 15-16 डिग्री तक पहुंच जाएगा। हालांकि, उत्तर भारत में 2 नवंबर तक एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा। इसका असर मध्यप्रदेश में तो नहीं होगा, लेकिन इससे तापमान में बढ़ोतरी जरूर होगी।

### अभी ऐसा रहा मौसम

भोपाल में दिन का तापमान 32.8 डिग्री, इंदौर में 32.1 डिग्री, ग्वालियर में 32.7 डिग्री, उज्जैन में 33.4 डिग्री और जबलपुर में पारा 31.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह रात में तापमान भी कम रहा। भोपाल में 17 डिग्री, इंदौर में 17.8 डिग्री, ग्वालियर में 16.2 डिग्री, उज्जैन में 17.2 डिग्री और जबलपुर में पारा 16 डिग्री तक आ गया। पचमढ़ी में सबसे कम 12.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा नौगांव में नौगांव 13 डिग्री और मलांजखंड में पारा 13.6 डिग्री रहा। यहां दिन के तापमान में भी कमी आई है।

### अक्टूबर में ठंड, गर्मी और बारिश वाला मौसम

मौसम केंद्र, भोपाल के अनुसार, अक्टूबर में तीनों मौसम का ट्रेंड है। हर साल बारिश, गुलाबी ठंड और दिन में गर्मी का असर रहता है। इस बार भी यही ट्रेंड है।

# विंध्य जनता पार्टी ने उतारे 25 उम्मीदवार

## भाजपा की मुश्किलें बढ़ीं: मैहर विधायक ने विंध्य से बुंदेलखंड, भोपाल, इंदौर की सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मैहर सीट से बीजेपी के टिकट पर चुनाव जीते विधायक नारायण त्रिपाठी ने अपनी पार्टी विंध्य जनता पार्टी के 25 उम्मीदवार घोषित किए हैं। नारायण त्रिपाठी ने कहा एमपी की 230 सीटों में से 40 विधानसभा क्षेत्रों में विंध्य जनता पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी। मैहर सीट से नारायण त्रिपाठी खुद चुनाव लड़ेंगे। नारायण ने विंध्य इलाके से लेकर बुन्देलखंड, भोपाल और इंदौर तक की सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।**

### इन 25 सीटों पर उम्मीदवार का किए घोषित

रैगांव- आरती वर्मा
सतना- हरिओम गुप्ता
मैहर- नारायण त्रिपाठी
अमरपाटन- शशि सत्येन्द्र शर्मा
सेमरिया-हासिफ मोहम्मद अली
त्योंथर- कमांडो अरुण गौतम
देवतालाब- कुंजबिहारी तिवारी
गुढ़- शिवमोहन सिंह
चुरहट-अरुण द्विवेदी
सीधी- बाल्मीकि तिवारी
सिहावल- आशीष मिश्रा
चितरंगी- रामकृष्ण कोल
सिंगरौली- कुंदन पांडेय
ब्यौहारी- लेखन सिंह
जयसिंहनगर- फूलमती सिंह
जैतपुर- हीरालाल पनिका
अनूपपुर- प्यारेलाल पनिका
बांधवगढ़- धूप सिंह
मानपुर- राजकुमार बैगा
शहपुरा- मदन सिंह परस्ते
डिंडोरी- सितार मरकाम
भोपाल दक्षिण-पश्चिम- मनीष पांडेय
अंबेडकर नगर महू- बैद्यनाथ मिश्रा
बड़ा मलहरा- दिनेश यादव

### नारायण बोले- मैंने सीएम से कहा मैहर में उम्मीदवार घोषित कर दो

उम्मीदवारों की घोषणा करने के बाद विधायक नारायण त्रिपाठी ने कहा- बड़ी मुश्किल से समय आया कि हम अपने प्रत्याशी उतार सकें। ये चार दिन पहले दुर्घटना जैसे हुआ। सामान्य तरीके से वो लोग प्रत्याशी बने हैं जो विंध्य के पुनर्निर्माण के लिए अपनी शहादत देना चाहते हैं। इसमें वो लोग आ रहे हैं जो आजादी के आंदोलन में जैसे लोग शामिल हुए थे। वैसे लोग आज विंध्य के पुनर्निर्माण की लड़ाई लड़ने के लिए हमारे साथ आ रहे हैं। 25 सीटें आज घोषित की हैं। 40 सीटों पर हमारा लड़ने का प्लान है।

नारायण त्रिपाठी ने कहा- हम विंध्य के पुनर्निर्माण की बात पर ही सहयोग करेंगे। भाजपा के 2020 में जब शिवराज सिंह मुख्यमंत्री बने तब हमने बता दिया था कि 2023 तक भाजपा का विधायक रहूंगा। लेकिन भाजपा में नहीं रहूंगा। 6 दिन पहले जब भाजपा का टिकट घोषित हुआ तब भी शिवराज जी से कह दिया था कि आप कैंडिडेट घोषित कर दीजिए। उन्होंने कहा था मिल लो। मैंने कहा टिकट घोषित करने के बाद मिलूंगा। भाजपा से चुनाव नहीं लड़ूंगा। कांग्रेस से हमारी बात चुनाव लड़ने को लेकर नहीं हुई। विंध्य हमारा मुद्दा था विंध्य मुद्दा उनको स्वीकार नहीं हुआ। इसलिए कांग्रेस पार्टी से हमारी बात नहीं बनी। तब हमारा दल ही नहीं बन पाया था। हमें कोई मंच चाहिए था। हमारा पहला मुद्दा है विंध्य का पुनर्निर्माण हो। उसमें जो सहयोगी बनेगा हम उसके साथ जाएंगे। जब चुनाव का परिणाम आएगा उसके बाद जो हमारे पक्ष में दिखेगा हम उसके साथ जाएंगे।

# हवाला कारोबार की शंका में 21 लाख जब्त

## ◆ रतलाम पुलिस ने आयकर और जीएसटी को सौंपा मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम के माणक चौक थाना क्षेत्र में पुलिस ने बीड़ी सिगरेट ट्रेडर्स की दुकान से 21 लाख रुपए जप्त किये है। हवाला कारोबार की आशंका में माणक चौक थाना पुलिस की टीम ने कार्यवाही करते हुए पुरुषोत्तम मोतीयानी और संजय मोतियानी के पास से 21 लाख 88 हजार रुपए बरामद किए है। पूछताछ में दोनों आरोपी इतनी बड़ी मात्रा में कैश का हिसाब नहीं दे सके। इसके बाद पुलिस ने धारा 102 के अंतर्गत रुपए जप्त कर आयकर विभाग और जीएसटी को मामला सौंप दिया है। सीएसपी अभिषेक वारंगे ने बताया कि माणक चौक थाना क्षेत्र स्थित सांवरिया ट्रेडर्स पर कार्यवाही के दौरान 21 लाख 88 हजार 900 रुपए नगद बरामद हुए है। आरोपी पिता पुत्र पुरुषोत्तम और संजय मोतीयानी रुपए का हिसाब नहीं दे सके। हवाला कारोबार की आशंका में रुपए जप्त कर कार्यवाही की गई है। इस मामले में आगे की कार्यवाही के लिए जीएसटी और आयकर विभाग की टीम को सूचना दे दी गई है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान रतलाम पुलिस और निर्वाचन की चेकिंग टीमों के द्वारा की गई अलग-अलग कार्यवाही में बड़ी मात्रा में कैश और करोड़ों के सोना और चांदी के आभूषण जप्त किए गए हैं।

### चेक पोस्ट तोड़कर पुलिस आरक्षक के पैर पर चढ़ाई कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, खरगोन। नशे में धूत एक कार चालक ने चेकिंग के बनाई चेक पोस्ट को तोड़ दिया और इस दौरान ड्युटी पर तैनात एक आरक्षक को टक्कर मार कर घायल कर दिया। मामला खरगोन जिले के ऊन थाना क्षेत्र का है। शुक्रवार को चुनाव की चैकिंग के दौरान एक कार चालक ने चेकपोस्ट को तोड़ दिया। यही नहीं जब कार को रोकने की कोशिश की गई तो आरोपी पुलिस आरक्षक के पैर पर कार को चढ़ाते हुए भागने लगा। हालांकि पुलिस ने पीछा कर उसे धर दबौचा। बताया जा रहा है कि कार चालक शराब के नशे में धूत था। घटना के बाद घायल पुलिस आरक्षक हेंमत बर्डे को जिला अस्पताल खरगोन में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कार को जब्त कर, चालक को भी हिरासत में ले लिया है। आरक्षक के पैर में चोट आई है। उसका उपचार जिला अस्पताल में हो रहा है। गनीमत रही की बड़ा हादसा टल गया।

## भिंड विधायक संजीव कुशवाह फिर से हुए हाथी पर सवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट भिंड। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए बसपा ने 15 नामों की अपनी तेरहवीं सूची जारी कर दी है। इसमें विधायक संजीव सिंह कुशवाह को फिर भिंड से प्रत्याशी बनाया है। संजीव सिंह 2018 के चुनाव में बसपा के टिकट पर इस सीट से चुनाव जीते थे। बाद में वे बीजेपी में शामिल हो गए थे, लेकिन बीजेपी ने उन्हें भिंड से टिकट नहीं दिया था। टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर संजीव सिंह भाजपा छोड़कर फिर बसपा में आ गए। बसपा ने भिंड से रक्षापाल सिंह कुशवाह को प्रत्याशी बनाया था। अब उनका टिकट काटकर फिर से मौजूदा विधायक संजीव सिंह कुशवाह को टिकट दिया है। वे भिंड से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ने की दावेदारी कर रहे थे, लेकिन बीजेपी ने पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह को प्रत्याशी घोषित कर दिया। जिसके बाद संजीव सिंह ने बीजेपी से इस्तीफा दे दिया।

New Delhi

# आज देशभर में लगेंगे रोजगार मेले, प्रधानमंत्री मोदी 51000 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दोपहर एक बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये 51,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। रोजगार मेला देशभर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला पहल के तहत केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ इस पहल का समर्थन करने वाले राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों में भी नियुक्तियां दी जा रही हैं।

देशभर से चयनित नए कर्मचारी रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय समेत विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में काम करेंगे। रोजगार मेला असल में केंद्र सरकार की तरफ से रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरी करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाता है। रोजगार मेले को रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक माना जाता है। इससे युवाओं को सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में सार्थक भागीदारी के अवसर मिलते हैं। नवनियुक्त कर्मियों को कर्मयोगी प्रारंभ के जरिये प्रशिक्षित हासिल करने का भी अवसर मिलेगा। कर्मयोगी प्रारंभ आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल है, जिसमें कहीं भी किसी भी डिवाइस से सीखने के प्रारूप के तहत 750 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। इससे पहले 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। नियुक्ति पत्र वितरित करने के लिए देशभर में 46 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया था।



Uttarpradesh

## पटाखा खरीदकर बाइक से घर जा रहे थे बाप-बेटे, तभी उसमें हो गया धमाका

**हराजगंज, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के महराजगंज में पटाखा बम फटने से 6 लोग बुरी तरह घायल हो गए. पटाखा (बम) के फटने की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. दरअसल नेपाल सीमा के पास बाप-बेटे पटाखा खरीदकर कर अपने घर जा रहे थे. इसी दौरान उसमें धमाका हो जिसमें 6 लोग घायल हो गए. यह घटना नेपाल सीमा के पास कोल्हुई में हुई. पटाखा बम के फटने से घायल हुए सभी लोगों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां सभी की हालत खतरे से बाहर है. अब पुलिस पटाखा बेचने वाले व्यापारी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुट गई है. दरअसल महराजगंज में बाइक से पटाखा ले जाते समय बीच बाजार में अचानक से धमाका हो गया था जिसमें बाप-बेटे के अलावा वहां से गुजर रहे 4 राहगीर घायल हो गए थे. यह धमाका इतना तेज हुआ था कि मौके पर सिर्फ धुआं ही दिखाई दे रहा था. मौके पर अफरा-तफरी मच गई. धुआं छट जाने के बाद आस-पास के लोगों ने देखा तो 06 लोग घायल अवस्था में पड़े हुए थे जिसकी सूचना पुलिस को दी गई. सीमा से सटे क्षेत्र में धमाका होने के बाद कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे जिसके बाद पुलिस फौरन जांच में जुट गई. जब पुलिस ने साफ किया कि ये धमाका पटाखा बम में हुआ था तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली.

New Delhi

## दिल्ली के जंतर- मंतर पर फिलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन, हिरासत में लिए गए 50 लोग

**नई दिल्ली, (एजेंसी) इजरायल और फिलस्तीनी आतंकी संगठन हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर दिल्ली में फिलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन करने वाले लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है. पुलिस ने शुक्रवार को 50 से अधिक छात्रों और सिविल सोसाइटी के लोगों को फिलिस्तीन के समर्थन में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के दौरान हिरासत में लिया था.**

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनकारी अलग-अलग जत्थों में जंतर-मंतर पर पहुंचे थे और बाद में उन्हें हिरासत में ले लिया गया. एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'चूंकि प्रदर्शनकारियों के पास अनुमति नहीं थी, इसलिए उन्हें हिरासत में लिया गया. उन्हें दिल्ली के अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में रखा गया है'

Uttarakhand

## वर्क फ्रॉम होम के नाम पर धोखाधड़ी; ठग लिए 21 करोड़, STF ने ऐसे किया खुलासा

**देहरादून, (एजेंसी) उत्तराखंड में धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां उत्तराखंड की स्पेशल टास्क फोर्स ने 21 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में हरियाणा के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुआ व्यक्ति लोगों को घर से काम करने ( वर्क फ्रॉम होम) का लालच देकर उनसे धोखाधड़ी करता था। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ देशभर में कई जगहों पर एफआईआर दर्ज है।**

इस मामले की जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसटीएफ) आयुष अग्रवाल ने बताया कि आरोपी रुषभ शर्मा देशभर में 37 एफआईआर में वांछित है। उन्होंने कहा कि आरोपियों द्वारा 'वर्क फ्रॉम होम' तलाश करने वाले लोगों को एक फर्जी होटल वेबसाइट तैयार करके और उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर कमीशन केद्वारा फायदा कमाने का लालच दिया करता था और उन्हें होटलों की ऑनलाइन बुकिंग का काम दिया करता था। पुलिस ने बताया कि शुरू में लोगों को फायदे के पैसे दिए गए थे। जब लोगों को विश्वास हो गया कि इस तरह से काम करने पर उन्हें घर से काम करने पर अच्छा कमीशन दिया जा रहा है, तो उन्हें विश्वास में लेकर उनसे ज्यादा पैसा लगवाने लगा और यहीं उनसे धोखाधड़ी कर लिया करता था।

खेल

## लगातार चौथे मैच में पाकिस्तान को मिली हार, दक्षिण अफ्रीका ने रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से हराया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 26वें मुकाबले में एक विकेट से हरा दिया है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.4 ओवर में 270 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम एडन मार्करम के 91 रनों की बदौलत एक विकेट से मैच जीतने में कामयाब रहा। दक्षिण अफ्रीका के लिए एडन मार्करम ने सर्वाधिक 91 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी ने 3, वसीम जूनियर, हारिस राउफ और उसामा मीर को 2-2 विकेट मिला।



271 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी हुई थी। लेकिन चौथे ही ओवर में शाहीन अफरीदी ने क्विंटन डिकॉक को आउट करके पाकिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। डिकॉक 14 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान तेम्बा बावुमा 27 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। डुसेन को 'कनकशन सब्स्टीट्यूट' उसामा मीर ने आउट किया। उन्होंने 39 गेंद में 21 रन बनाए। क्लासेन कमाल नहीं दिखा सके और 12 रन बनाकर आउट हुए। मिलर और मार्करम के बीच 70 रन की साझेदारी हुई। मिलर ने 33 गेंद में 29 रन बनाए। नौवां विकेट गिरने के बाद साउथ अफ्रीका को जीत के लिए आठ रन चाहिए थे। इसके बाद केशव महाराज चार और तबरेज शम्सी चार रन बनाकर नाबाद रहे और पाकिस्तान ने दो वाइड डाली। नवाज के ओवर में महाराज ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए बाबर आजम और सऊद शकील के अर्धशतक की बदौलत 46.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 270 रन बनाए हैं। पाकिस्तान के लिए सऊद शकील ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए तबरेज शम्सी ने 4 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दोनों सलामी बल्लेबाज 7 ओवर के अंदर ही पवेलियन लौट गए। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसेन ने सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। अब्दुल्ला शफीक 17 गेंद में 9 और इमाम उल हक 18 गेंद में 12 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद रिजवान ने बड़े शॉट खेले लेकिन 27 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हो गए। इफ्तिखार अहमद को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर मौका दिया गया लेकिन वह ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं सके। उन्होंने 31 गेंद में 21 रन बनाए। कप्तान बाबर आजम 65 गेंद में 50 रन बनाकर आउट हुए। सऊद शकील ने 52 बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से तबरेज शम्सी ने चार विकेट लिए।

सिनेमा

## Tejas Box Office Collection: कैसी रही पहले दिन तेजस की उड़ान? जानिए कंगना की फिल्म का Day 1 कलेक्शन



कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' शुक्रवार (27 अक्टूबर) को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो चुकी है। जबरदस्त एक्शन और थ्रिलर से लबरेज इस फिल्म के ट्रेलर को शानदार रिस्पॉन्स मिला था लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अपनी लागत के हिसाब से पहले दिन कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी है। सर्वेश मेवारा के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट 45 करोड़ रुपये के आसपास बताया जा रहा है और फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन उस हिसाब से कुछ खास नहीं रहा है। कंगना रनौत, वरुण मित्रा और अनुज खुराना जैसे सितारों से सजी इस फिल्म को भारत की पहली एयर एक्शन मूवी बताया जा रहा है। कलेक्शन की बात करें तो भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'तेजस' का पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1 करोड़ 25 लाख रुपये के लगभग रहा है। फिल्म को एडवांस बुकिंग के मामले में भी कुछ खास बढ़त नहीं मिली थी जिससे अनुमान लगाया जा रहा था कि फिल्म को ओपनिंग डे पर बहुत धमाकेदार बिजनेस नहीं मिलेगा। फिल्म के बजट के हिसाब से पहले दिन की कमाई बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती है। क्रिटिक्स को भी फिल्म कुछ खास नहीं लगी है।

## संपादकीय

# व्यावहारिक और स्थायी समाधान हो

जलवायु परिवर्तन की वजह से अनेक इलाके सूखे का सामना कर रहे हैं, तो कई इलाकों में अतिवृष्टि देखी जा रही है, जिससे जल संचय के पारंपरिक तरीके विफल साबित हो रहे हैं। इस तरह जमीन से जितना पानी खींचा जा रहा है, उतना नीचे नहीं पहुंचाया जा पा रहा। भूजल का स्तर जोखिम वाले बिंदु के नीचे पहुंच रहा है। हालांकि खेती के अलावा भी बहुत सारी औद्योगिक इकाइयों में भूजल का अंधाधुंध दोहन हो रहा है। दअसल भूजल के अतार्किक दोहन को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इस पर समय रहते रोक लगाने के सुझाव भी दिए जाते रहे हैं। मगर हकीकत यह है कि इस दिशा में अभी तक कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाया जा सका है या जो कदम उठाए भी गए वे कारगर साबित नहीं हो पाए हैं। इसी का परिणाम है कि अनेक क्षेत्रों में भूजल का स्तर तेजी से घटा और खतरनाक बिंदु के पार पहुंच गया है। सिंधु और गंगा के इलाकों में भूजल का स्तर जोखिम बिंदु को पार कर चुका है। अब संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 2025 तक उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में भूजल का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। यह क्षेत्र देश के खाद्यान्न का बड़ा हिस्सा पैदा करता है। इसमें हरियाणा और पंजाब धान और गेहूं का सर्वाधिक उत्पादन करते हैं। जाहिर है, इन इलाकों में भूजल का स्तर जोखिम बिंदु से नीचे चला जाएगा, तो खाद्यान्न उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होगा। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय- पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान द्वारा प्रकाशित ह्यअंतरसंबद्ध आपदा जोखिम रिपोर्ट 2023ह्ण में कहा गया है कि पंजाब के अठहत्तर फीसद कुएं अतिदोहन का शिकार हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण यह चुनौती और विकट होने की आशंका है। हालांकि नलकूपों के जरिए भूजल के दोहन पर लगाम लगाने के लिए कई जगहों पर कुछ सख्त कदम भी उठाए गए हैं। खासकर पंजाब और हरियाणा में सरकारें किसानों से लगातार अपील करती रही हैं कि वे मौसम से पहले धान की खेती न करें, भूजल का दोहन कम करें। इसके लिए दंड का भी प्रावधान किया गया।

# मूर्ख राजा और चतुर मंत्री

**कई सालों पहले नदी के किनारे पर एक दियत्स नामक नगरी हुआ करती थी। इस नगरी में शासन करने वाला राजा बहुत ही मुर्ख था। वहीं, राजा का मंत्री बहुत चतुर था। एक दिन शाम के समय राजा और मंत्री दोनों नदी किनारे टहलते हुए शाम का आनंद ले रहे थे। तभी राजा ने मंत्री से एक सवाल पूछा, "क्या तुम बता सकते हो कि यह नदी किस दिशा में और कहां तक बहकर जाती है"।**



मंत्री ने राजा को तुंरत जवाब देते हुए कहा कि यह नदी पूर्व की दिशा में बहती है और यह पूरब देश तक जाती है। इस पर राजा ने कहा कि वह नहीं चाहता कि हमारे देश का पानी पूरब के देशवासी इस्तेमाल करें। राजा ने मंत्री को नदी का पानी रोकने के लिए दीवार खड़ी करने का आदेश दिया। तभी मंत्री ने राजा से कहा कि ऐसा करने पर हमारा ही नुकसान होगा। राजा ने गुस्से में कहा कि पानी हमारा है और पूरब देश वाले मुफ्त में इसका इस्तेमाल कर रहे हैं और तुम बोल रहे हो कि हमारा नुकसान होगा। इसमें हमारा कुछ नुकसान नहीं होगा। तुम जल्दी से जल्दी नदी में दीवार बनवाने का काम शुरू कराओ।

मंत्री राजा की आज्ञा का पालन करते हुए कारीगरों को बुलाता है और नदी के पास दीवार बनवाने का काम शुरू करवा देता है। नदी में दीवार बनाने का काम तेजी से चलने लगा और कुछ दिनों में दीवार बनकर तैयार हो गई। यह देखकर राजा बहुत प्रसन्न होते हैं, परंतु उनकी मुर्खता के कारण कुछ दिन बाद जब बारिश का मौसम दस्तक देता है, तो नदी का पानी पूरे गांव में भरने लगता है। धीरे-धीरे पानी लोगों के घरों में घुसना शुरू हो जाता है। इससे परेशान होकर सारे नगरवासी एकत्रित होकर मंत्री के पास आते हैं। मंत्री उन्हें आश्वासन देता है कि वह इस समस्या का हल ढूंढ निकालेगा।

लोगों की परेशानी सुनकर मंत्री समाधान निकालने के लिए एक योजना बनाता है। उन्होंने राज महल में समय को बताने के लिए घंटा बजाने वाले शख्स को इसमें शामिल किया। वह समय के अनुसार घंटा बजाता था, जिससे लोगों को समय पता चलता था। मंत्री ने उसे कहा कि आज तुम प्रति घंटे की बजाय हर आधे घंटे में घंटा बजाना। उस आदमी ने मंत्री ने जैसा कहा वैसा ही किया। इससे जब सुबह के तीन बज रहे थे, तो उसने छह बार घंटा बजाया।

छह घंटे सुनकर राजा और सभी नगरवासियों को लगा कि छह बज गए हैं और सुबह हो गई है। राजा उठकर बाहर आता है, तो वहां मंत्री पहले से मौजूद होता है। बाहर अंधेरा देखकर राजा मंत्री से पूछता है कि अभी तक सूर्योदय क्यों नहीं हुआ है।

राजा के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा, "महराज प्रातःकाल हो चुकी है, पर हमने पूर्व दिशा वालों के यहां पानी को जाने से रोक दिया है, तो शायद इसलिए उन्होंने हमारे यहां सूर्य की रोशनी को आने से रोक दिया है। इसलिए सूर्य उदय तो हुआ है, पर हमारे देश तक रोशनी नहीं पहुंची है। ऐसा लग रहा है कि अब हमारे देश में सूरज की रेशनी कभी नहीं पहुंच पाएगी। यह सुनकर राजा चिंता में पड़ जाता है और मंत्री से पूछता है कि क्या इसका कोई उपाय नहीं है। तब मंत्री उत्तर देता है कि महाराज अगर आप नदी का पानी छोड़ देते हैं, तो हो सकता है कि वो भी सूरज को छोड़ देंगे। इससे राज्य में फिर से रोशनी आ जाएगी।

राजा मंत्री को तुरंत नदी की दीवार तुड़वाने का आदेश देता है। मंत्री कारीगरों को नदी पर ले जाकर उन्हें दीवार तोड़ने के लिए कहता है। कुछ घंटों में कारीगरों ने दीवार गिरा दी और तब तक सूरज के निकलने का समय भी हो गया था। सूर्य उदय हो गया। सूर्य की लालिमा देखकर राजा बहुत खुश हुआ और मंत्री को इनाम देने की घोषणा की। राजा ने मंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि तुम्हारे कारण हमारे राज्य में फिर से सूर्य उदय हो पाया है और तुमने हमारे राज्य को अंधकार से बचाया है। इसके बाद मंत्री कहता है कि महराज यह तो राज्य के लिए प्रति मेरा फर्ज था।

### कहानी से सीख

कभी भी दूसरों का बुरा नहीं करना चाहिए और न ही उनकी तरक्की देखकर उनसे जलन की भावना रखनी चाहिए।

## स्वामी विवेकानंद की प्रेरक कहानी

# ज्ञान से हुई मोक्ष की प्राप्ति



एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ कुटिया में बैठे थे। सभी शिष्य आज जानना चाहते थे कि मोक्ष कैसे प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए उन्होंने बुद्ध जी से निवेदन किया कि वो आज मोक्ष पर उपदेश दें।

शिष्यों की बात मान कर बुद्ध जी ने एक कहानी सुनाना शुरू किया।

यह कहानी थी एक जल्लाद और भिक्षुक की।

अपने राज्य का मुख्य जल्लाद, जिसने बहुत से गुनाहगारों को दंड दिया था। अब वह रिटायर हो कर राज्य से बाहर एक कुटिया बना कर अपना जीवन व्यतीत कर रहा था। उसे हमेशा लगता था कि उसने कितने लोगों की हत्या की है, वह कितना पापी है, ऐसे ख्यालों से वह हमेशा घिरा रहता था। वह अपना सारा दिन पश्चाताप में ही गुजारता था।

एक दिन वह रोज की तरह इन्हीं ख्यालों में खोया हुआ, खाना खाने के लिए थाली परोस रहा था। तभी उसको दरवाजे से किसी की आवाज आई। उसने बाहर जा कर देखा तो एक भिक्षुक खड़ा था। भिक्षुक के चेहरे को देख कर ही जल्लाद समझ गया कि भिक्षुक बहुत ही लम्बी साधना के बाद आज उठा है और भूख से व्यकुल भी है।

जल्लाद के मन में आया की जिंदगी भर तो मैंने बस हत्याएं ही की हैं, आज मौका मिला है कुछ पुण्य कमाने का तो इसे गंवाना नहीं चाहिए।

उसने भिक्षुक को अन्दर बुलाया और अपनी खाने की थाली उसे दे दी। भिक्षुक खाना देख कर बहुत प्रसन्न हुए। भर पेट भोजन कर के भिक्षुक ने जल्लाद से बातचीत शुरू की।

जल्लाद ने भिक्षुक को अपने जीवन की सारी कहानी सुनाई। उसने बताया कि वह कैसा काम करता था, उसने कितने लोगों को फांसी दी और वह सोचता है कि वह कितना बड़ा अपराधी है।

जल्लाद की वेदना सुन कर भिक्षुक बहुत ही शांत स्वर में बोले कि क्या तुमने वो जीव हत्याएं अपनी मर्जी से की थी?

जल्लाद ने कहा, नहीं मैं तो बस मेरे राजा की आज्ञा का पालन कर रहा था। मेरा कोई भाव नही था उन्हें मृत्युदंड या सजा देने का।

तब भिक्षुक ने कहा, तब तुम अपराधी कैसे हुए। तुम तो अपने राजा के आदेशों का पालन कर रहे थे।

जल्लाद को एहसास हुआ कि वह किसी गलत काम के लिए जिम्मेदार नहीं था उसका कोई दोष नहीं है, वह तो सिर्फ अपना दायित्व पूरा कर रहा था। इस प्रकार जल्लाद का मन शांत हुआ फिर भिक्षुक ने जल्लाद को उपदेश दिया और उस से विदा ले ली।

भिक्षुक को विदा कर के जब जल्लाद वापस घर में आया, उसकी मृत्यु हो गयी। जिसके बाद उसको मोक्ष प्राप्त हुआ।

इतना कह कर बुद्ध जी ने कहानी को विराम दिया।

सभी शिष्य बहुत ही आश्चर्य के साथ बुद्ध जी की ओर देख रहे थे। किसी को समझ नहीं आ रहा था कि जिसने इतनी हत्याएं की हो उसे मोक्ष कैसे प्राप्त हो सकता है।

तब एक शिष्य ने यह दुविधा बुद्ध जी के सामने रखी। बुद्ध जी ने तब शिष्यों को समझाया की भिक्षुक के उपदेश से जल्लाद को ज्ञान प्राप्त हो गया था। जल्लाद के जीवन में पहली बार किसी ने उसे ज्ञान का उपदेश दिया था। इसलिए मृत्यु के बाद उसे मोक्ष प्राप्त हुआ।

अपनी बात को विराम देते हुए अंत में बुद्ध जी बोले, बिना ज्ञान के हजार शब्दों का उपदेश भी बेकार है, किन्तु जब शांत मन से उपदेश का एक शब्द भी सुन लिया जाए तो वह ज्ञान दे देता है। और ज्ञान से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है।

### कहानी से सीख

इस कहानी ने हमे सिखाया की अपने कर्तव्यों का पालन बिना किसी दुर्भाव के पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए। साथ ही अपना मन हमेशा शांत रखना चाहिए। क्योंकि शांत मन से उपदेश सुनने पर ही वास्तविक ज्ञान प्राप्त हो सकता है। जो मोक्ष की ओर ले जाता है।

## Highlights

- **Darshan Hiranandani only gave me scarf & lipstick: Mahua amid cash-for-query row**
- **PM Modi works for 14-16 hrs every day: Sajjan Jindal as he backs Murthy on 70-hr work week**
- **India abstains from UN vote calling for truce in Israel-Hamas war**
- **Pic shows candi-date riding don-key to file nomi-nation for MP polls**
- **Mukesh Ambani receives death threat**

# Made in India Apple iPhone: All you need to know about Tata-Wistron deal

**NEW DElHI, (Agency).** The Tata Group will soon start making Apple iPhones in India for domestic and global markets, Union minister Rajeev Chandrasekhar wrote on X on Friday. The information that the Tata Group had been planning to assemble iPhones in India emerged in May this year. According to reports, the Wistron Corp -- that was making iPhones in India -- agreed to sell its Karnataka manufacturing unit to the salt-to-software conglomerate. Here is what we know about the deal.

Chandrasekhar posted on X, "PM Modi ji's vision is to build global standard Indian electronics manufacturing companies that can serve Indian and global brands, for Indian and global consumers and to further accelerate India's rise as a global trusted electronics manufacturing power. PM @narendramodi Ji's visionary PLI scheme has already propelled India into becoming a trusted and major hub for smartphone manufacturing and exports.



Now within just two and a half years, @TataCompanies will start making iPhones from India for domestic and global markets from India. Congratulations to the Tata team for taking over Wistron operations. Thank you @ Wistron for your contributions, and great going for Apple in building a global supply chain from India with Indian companies at its helm."

The Wistron board reportedly approved the sale of Wistron InfoComm Manufacturing India Private Limited to Tata Electronics Private Limited for an estimated price of 125 million dollars (approximately ₹1040 crore).

Apple has been trying to move a big chunk of its iPhone production out of China to countries like India and Vietnam, both emerging markets where cost of manufacturing is lower than the United States.

India is at the center of Apple's manufacturing plans for the future. Wistron had begun assembling iPhones in India in 2017. Apple later recruited Foxconn for the same purpose.

Tata has been in talks with the company for its Bengaluru plant for over a year.

# Tata to make iPhone for India, abroad; to take over Wistron plant for $125 mn

**NEW DElHI, (Agency).** Tata Group is set to become the first homegrown iPhone maker in India for domestic and global markets after Wistron Corp. agreed to sell a plant in the southern part of the country to the conglomerate. Wistron's board approved the sale of Wistron InfoComm Manufacturing (India) Private Ltd. to Tata for $125 million, the Taiwanese electronics manufacturer said Friday in a statement.



"Upon confirmation and signature of the relevant agreements by both parties, the deal will proceed to obtain the necessary approvals. Following the completion of the transaction, Wistron will make the required announcements and filings in accordance with applicable regulations," the release said.

Union minister Rajeev Chandrashekhar congratulated the Tata team for taking over Wistron operations.

"Thank you @Wistron for your contributions, and great going for Apple in building a global supply chain from India with Indian companies at its helm," he said in a social media post.

Hailing Prime Minister Narendra Modi for production linked incentive (PLI) scheme, Chandrashekhar said it has already "propelled India into becoming a trusted & major hub for smartphone manufacturing and exports."

"Now within just two and a half years, Tata Companies will now start making iPhones from India for domestic and global markets from India," he added.

# लेडी डॉक्टर और पति ने घर से निकाला

## बुजुर्ग दंपति ने लगाया आरोप, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने सीनियर सिटीजन के लिए बने कानून के तहत एक लेडी डाक्टर और उसके पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। बुजुर्ग दंपति का कहना है कि बेटा-बहू मिलकर उनके घर पर कब्जा करना चाहते हैं इसीलिए दोनों ने मिलकर उन्हें घर से निकाल दिया है।**

मामला बाणगंगा इलाके का है। पुलिस के अनुसार 70 साल के हरिसिंह पिता छोगालाल राठौर निवासी शिवकंठ नगर ने अपने बेटे जितेन्द्र और बहू सोनम राठौर द्वारा प्रताड़ित करने और घर से निकालने की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने बेटे-बहू के खिलाफ 4-24 मप्र मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स सीनियर सिटीजन रूल 2009 के तहत केस दर्ज किया है। बुजुर्ग हरिसिंह ने पुलिस को बताया कि जितेंद्र राठौर मेडिकल क्षेत्र में प्राइवेट नौकरी करता है। बहू सोनम डॉक्टर होकर क्लिनिक चलाती है। ये दोनों उन्हें बात-बात पर प्रताड़ित करते रहते हैं। बहू तो अक्सर कहती है कि दिन भर घर में बैठे रहते हो कोई काम-काज क्यों नहीं करते। जब मैं और पत्नी बीमार हो जाते हैं तो ये इलाज के पैसे भी नहीं देते। खाना भी नहीं देते और बार-बार घर से जाने की बात कहते हैं। हमारी हालत ऐसी नहीं है कि हम कोई काम कर सकें। बेटा और बहू मकान पर कब्जा करना चाहते हैं और इसीलिए प्रताड़ित करते हैं। हरिसिंह ने पूर्व में इस तरह की शिकायत की थी। अब पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। बेटे-बहू से पूछताछ के साथ ही आसपास रहने वालों से भी पूछताछ की जाएगी और उसके आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी में पकड़ाया नाबालिग बेटा और मां

## साढ़े पांच लाख रुपए का माल बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने चोरी के मामले में एक नाबालिग उसकी मां को पकड़ा है। दोनों से करीब 5.50 लाख रुपए के जेवर एवं अन्य सामान बरामद किया है। बच्चे से जब चोरी के बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि वह चोरी कर जो जेवर लाता था वह मां को दे देता था और मां उन्हें ठिकाने लगा देती**

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक गत दिनों राजेन्द्र नगर में हुई चोरी के मामले में जांच के बाद एक महिला और उसके नाबालिग बेटे को हिरासत में लेकर उनके पास से चोरी का करीब 5.50 लाख रुपए का माल मिला है। नाबालिग सातवीं तक पढ़ा लिखा है और इस छोटी सी उम्र में ही वह नशे का आदी हो गया है। बताते हैं कि उसकी मां ही उसे नशे के पैसे के लिए लालच देकर चोरी की वारदातें करवातीं थी। चोरी के जेवर वह इलाके मे घर का खर्च चलाने के बहाने गिरवी रख देती थी और उन्हें लेने नहीं जाती थी। पुलिस मामले में मां-बेटे से पूछताछ कर अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में ...

# नवआरक्षकों ने सांस्कृतिक संध्या में दी प्रस्तुतियां





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्रीमती अनुराधा शंकर (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) भोपाल मुख्य अतिथि की गरिमामयी उपस्थिति में नवआरक्षको ने सांस्कृतिक आयोजन में आकर्षक प्रस्तुतियां दी।**

सांस्कृतिक संध्या में 1247 नव आरक्षक सम्मिलित हुए उपरोक्त सभी 1247 नवआरक्षकों की दीक्षांत परेड 30 अक्टूबर 2023 को सुधीर कुमार सक्सेना (भा.पु.से.) पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगी। 76 वे बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के प्रशिक्षुओं का सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम श्रीमती यांगचेन डोलकर भुटिया (भा. पु.से.) पुलिस अधीक्षक के सफल निर्देशन में सम्पन्न हुआ ।

नव आरक्षकों द्वारा बड़ी संख्या में इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी गई। आज की सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम मुख्य अतिथि के अलावा इंदौर पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर, आईजी राकेश गुप्ता, एडीसीपी निमिष अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थित में सम्पन्न हुआ। सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर 76 वें बुनियादी प्रशिक्षण सत्र में आंतरिक परीक्षा के प्रत्येक प्रश्नपत्र में सर्वाधिक अंक लाने वाले शारीरिक क्षमता, निशानेबाजी ( मस्केटरी), भाषण, निबंध, सांस्कृतिक गतिविधियों 5 कि.मी. दौड़ एवं 18 कि.मी. पैदल चाल में सर्वोत्तम प्रशिक्षणार्थी ( महिला/पुरुष), खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टोली न. 17 के सभी प्रशिक्षुओं को, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, क्लब एक्टिविटी में, सायबर क्राईम इंवेस्टिगेशन एवं अन्य प्रतियोगिताओं में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र, शील्ड एवं नगद पुरुस्कार से मुख्य अतिथि द्वारा पुरूस्कृत किया गया ।

सांस्कृतिक संध्या में भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं के प्रदर्शन का मूल्यांकन श्रीमती निधि देउस्कर, श्रीमती इषिता राणा खण्डेलवाल श्रीमती डां. अंजना चक्रपाणि मिश्र की तीन सदस्यीय निर्णायक समिति द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत अतिथियों के साथ सभी प्रशिक्षुओं का बड़ा खाना (सह भोज) भी रखा गया ।

सांस्कृतिक संध्या के सफल आयोजन पर श्रीमती यांगचेन डोलकर भुटिया (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक एवं श्रीमती सुनीता रावत श्रीमती सौम्या जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व्दय के द्वारा सभी आमंत्रित अतिथियों का आभार प्रदर्शित कर पुलिस प्रशिक्षण महाविधालय की पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शराबी ने पत्नी को किया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शराबी पति ने पत्नी के सिर पर नल मारकर उसे घायल कर दिया। मामला चंदननगर थाना इलाके के ग्रीन पार्क कालोनी का है । पुलिस ने बताया कि फरियादी महिला का नाम शमशाद है। उसने पति बाबू खान पिता राजा उर्फ रियादुद्दीन के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। शमशाद ने पुलिस को बताया कि कल उसका पति शराब के नशे में घर आया और उसे कहने लगा कि उसे कारोबार करना है । दुकान खोलने के लिए 20000 की जरूरत है। उसने पत्नी शमशाद पर दबाव बनाया कि वह 20000 लाकर दे। शमशाद ने कहा कि वह पैसा कहां से लेकर आएगी, इसी बात को लेकर बाबू नाराज हो गया और गुस्से में उसने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। पास ही में लोहे का नल पड़ा हुआ था उसने वह नल उठाकर शमशाद के सिर पर दे मारा जिससे वह लहू लुहान हो गई। पुलिस ने शराबी पति को हिरासत में लिया है।

# सूने घर में घुसे चोर लाखों का माल ले भागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बदमाशों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया और घर के दरवाजे का ताला तोडऩे की बजाय वेंटीलेटर के कांच निकालकर अंदर घुसे और लाखों का माल चुराकर ले गए।**

लनसूडिय़ा पुलिस ने बताया कि निशांत शर्मा निवासी सिल्वर पार्क कॉलोनी की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। निशांत ने बताया कि उनके घर की अलमारी का ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखे सोने की चेन ,अंगूठी ,चांदी की पायल और नकदी रुपए सहित घर में रखी एलईडी भी गायब थी। उन्होंने पूरे घर को देखा तो अंदर बाथरूम के वेंटीलेटर निकले हुए थे। बदमाश वेंटीलेटर के रास्ते अंदर घुसे और चोरी कर फरार हो गए।

### यहां पर ताले तोडक़र वारदात

इसी तरह खजराना थाना इलाके के न्यू चित्र नगर में रहने वाले राकेश सिंह ठाकुर के सूने मकान के ताले तोडकर बदमाश 50000 नगदी और जेवर चुरा ले गए। वहीं बिचोली मदार्ना में रहने वाले देवेंद्र सिंह ठाकुर के मकान का ताला तोडकर सोने चांदी के आभूषण और 10000 नगद लेकर गए हैं। यहां लगभग 200000 का माल चोरी गया है।

# गांजे की डिलेवरी देने निकले, धराए

**इंदौर।** सिमरोल पुलिस ने महाराष्ट्र के दो तस्करों को पकड़ा है, दोनों एक मोटर साइकिल पर सवार थे। उनसे 4 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त हुआ है। जिसकी डिलीवरी देने के लिए वह जा रहे थे। सिमरोल थाने के सहायक उपनिरीक्षक अखिलेश मंडलोई के अनुसार पकड़े गए बदमाशों के नाम प्रथम पिता भरत राजे निवासी नंदूरबार महाराष्ट्र और हर्षल पिता सुनील कुमावत निवासी शहाड़ा नंदूरबार महाराष्ट्र है। दोनों को कल रात ग्वालू तिराहा खंडवा रोड थाना सिमरोल से पकड़ा गया। वह महाराष्ट्र पासिंग मोटरसाइकिल से गुजर रहे थे। संदेह के आधार पर रोक कर दोनों की तलाशी ली गई तो गांजा मिला। वह गांजा किसे देने जा रहे थे इसकी जांच जारी है।

# पिस्टल के साथ पकड़ाया बदमाश

**इंदौर।** एमजी रोड पुलिस ने एक बदमाश को देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा है। वह क्षेत्र में हथियार लेकर वारदात की नीयत से घूम रहा था। एमजी रोड थाना पुलिस के अनुसार पकड़े गए बदमाश का नाम जाहिद में निवासी मेवाती मोहल्ला है। कल सहायक उप निरीक्षक रमेश चंद्र बारोट ने उसे मेवाती मोहल्ला मस्जिद के पास से ही पकड़ा है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उसकी घेराबंदी की गई थी। तलाशी में उसके पास एक देशी पिस्तौल और जिंदा कारतूस भी मिले हैं उससे पूछताछ जारी है।

sponcership

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल

Daily Newspaper
www.dgr.co.in

Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com

Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें

+91 91110 30505

Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।